# पाठ- 9. कब आऊँ


प्रश्न **1.** सेठ ने किस रंग में कपड़ा रंगने को कहा**?**
उत्तर- सेठ ने अंवती से किसी भी रंग में कपड़ा रंगने को नहीं कहा, क्योंकि वह तो सिर्फ उसे दुखी करना चाहता था|
प्रश्न **2.** अवंती ने कपड़ा अलमारी में बंद कर दिया | क्यों**?**
उत्तर- अवंती सेठ का इरादा जान गया था, इसलिए उसने कपड़ा अलमारी में बंद कर दिया|
प्रश्न **3.** सेठ कपड़ा लेने किस दिन आया होगा **?**
उत्तर- सेठ कपड़ा लेने किसी भी दिन नहीं आया होगा|

---

# कौन छुपा है कहाँ ?

प्रश्न- नीचे के वाक्यों में कुछ हरी-भरी सब्जियों के नाम छूपे हैं| ढूँढों तो ज़रा-
उत्तर-
अब भागों भी, बारिश होने लगी है| गोभी
मामू लीला मौसी कहाँ है**?** मूली
शीला के पास बैग नहीं है| बैंगन
रानी बोली- हमसे मत बोलो| सेम
गोपाल कबूतर उड़ा दो| पालक

# सही जोड़े मिलाओ




---

# मुहावरे

**प्रश्न- चित्रों को देखो| क्या इन्हें देखकर कुछ मुहावरे या कहावते याद आती हैं? उन्हें लिखो|**

**उत्तर-**



अँधेरा

चिराग तले अँधेरा



आरसी

हाथ कंगन को आरसी क्या



आस्तीन
आस्तीन का साँप



ग्यारह
एक और एक ग्यारह

---

## कहो कहानी

विद्यालय, गुरु जी, छुट्टी, बंदर, डंडा, पेड़, केला, ताली, बच्चे, भूख| इस शब्दों को पढ़कर तुम्हारे मन में कुछ बातें आई होंगी| इन सब चीज़ों के बारे में एक छोटी-सी कहानी बनाओ और अपने साथियों को सुनाओ|

उत्तर- विद्यालय में गुरू जी विद्यार्थियों को बिठा कक्षा में पढ़ा रहे थे| कुछ देर बाद आधी छुट्टी का समय होने वाला था| तभी एक बंदर वहाँ आ गया| गुरु जी डंडा लेकर उसके पीछे भागे बंदर पेड़ पर चढ़ गया| एक बच्चे ने बंदर की तरफ केला फेंका| बंदर को भूख लगी थी| वह केला लपकर खा गया| सब बच्चे बंदर हो केला लपककर खाता देखकर ताली बजाने लगे| केला खाकर चला गया|

## उछालो

प्रश्न- एक रूमाल या छोटा-सा कपड़ा उछलकर देखो| किसका रुमाल सबसे ऊँचा उछालता है?
उत्तर- रुमाल लगभग एक समान ऊँचाई तक ही उछालते हैं|
प्रश्न- रूमाल के साथ बिना कुछ बाँधे इसे और ऊँचा कैसे उछाला जा सकता है?
उत्तर- रूमाल के साथ बिना बाँधे, उसकी छोटी-सी तह बना कर उसे और ऊँचा उछाला जा सकता है|

## समझ-समझदारी

प्रश्न- रंगाई शब्द रंग से बना है| इसी तरह और शब्द बनाओ-
उत्तर-

| रंग | रंगाई |
| --- | --- |
| साफ़<br>चढ़<br>बुन | सफ़ाई<br>चढ़ाई<br>बुनाई |

## क्या समझे

प्रश्न- जिन शब्दों के नीचे रेखा खिंची है, उनका मतलब बताओ-
उत्तर-
मुझे बैंगनी रंग कतई अच्छा नही लगता| – बिलकुल
अवंती ने सेठ का मंसूबा भाँप लिया| – इरादा
मैं तुम्हारा हुनर देखना चाहता हूँ| – निपुणता
सेठ बुलंद आवाज़ में बोला – स्वर, बोल
सेठ को इर्ष्या होने लगी| – ज़लन
रंग के बारे में मेरी कोई खास पसंद तो है नहीं| – विशेष

---

## गृहकार्य

### कैसा लगा आफंती

प्रश्न- आफंती के बारे में कुछ वाक्य लिखो| तुम उसके कपड़ों , शक्ल-सूरत, पालतू पशु, बुद्धि आदि के बारे में बता सकती हो|
उत्तर- आफंती ने जोकरों वाले कपड़े पहन रखे थे| उसकी शक्ल-सूरत भी जोकर जैसी थी| उसके चेहरे पर दाढ़ी-मूँछें और सिर पर टोपी थी|

उसने गधा पाल रखा था| जिसकी बुद्धि बड़ी तेज थी| वह शारीरिक शक्ति के अपेक्षा बुद्धि से काम लेता था| वह बहुत समझदार सयाना था|

---

## जोड़े ढूँढो

दिन-दीन  मेला-मैला

ऊपर दिए गए शब्दों के जोड़ों में केवल एक मात्रा बदली हुई है| किसी भी मात्रा को बदलने से अर्थ बदल जाता है| ऐसे और जोड़े बनाओ| देखे, कौन सबसे ज्यादा जोड़े ढूँढ़ पाता है|

उत्तर- आदि – आदी
खिल – खील
छिन – छीन
सूत – सूत
जाती – जाति
पिला – पीला
कुल – कूल
मिल – मील

---

## गृहकार्य

प्रश्न- कब आऊँ वाले किस्से को चित्रकथा के रूप में लिखो|